# HINDI

## Paper 1

(*Two Hours*)

***Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.***

*You will* ***not*** *be allowed to write during the first* ***15*** *minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.***

---

*Attempt* ***all*** *questions.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

**Question 1**

Write a composition in **Hindi** in not less than **four hundred (400)** words on any **one** of the following topics :— [25]

निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर **हिन्दी** में प्रस्ताव लिखिए जो **चार सौ (400)** शब्दों से कम न हो :—

(i) उस घटना का वर्णन कीजिए जिससे आपने अपने जीवन का एक अमूल्य सबक सीखा कि "जीवन की सर्वश्रेष्ठ वस्तुएँ खरीदी नहीं जा सकतीं ।"

(ii) अपने मित्र की उस आदत का वर्णन कीजिए, जो आपको पसंद नहीं है तथा जिससे आपकी दोस्ती पर बुरा प्रभाव पड़ता है ।

(iii) "अपराध की समाप्ति के लिए मृत्युदंड आवश्यक है" — इस पंक्ति के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार दीजिए ।

(iv) कल्पना कीजिए कि आप किसी दूसरे ग्रह की यात्रा पर गए थे, जहाँ आपकी मुलाकात उस ग्रह के प्राणियों से हुई — अपने अनुभवों का वर्णन लिखिए ।

(v) 'आ बैल मुझे मार' — इस उक्ति के आधार पर एक मौलिक कहानी लिखिए ।

---

**This Paper consists of 5 printed pages and 1 blank page.**



© *Copyright reserved.*

**Turn over**

**(vi)** निम्न चित्र को ध्यानपूर्वक देखिये और मन में उमड़ने वाले विचारों के आधार पर एक संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए । प्रस्ताव का सीधा तथा स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना आवश्यक है ।



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** on any **one** of the topics given below :— [10

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **हिन्दी में** पत्र लिखिये :—

**EITHER**

किसी कारण आपका मन कक्षा में नहीं लग रहा है, लेकिन अध्यापक की डाँट के डर से आप पढ़ाए जा रहे पाठ को मजबूर होकर चुपचाप सुन रहे हैं । अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखकर बताइए कि आपका मन कक्षा में क्यों नहीं लग रहा था, उस समय आप क्या सोच रहे थे ?

**OR**

आपके मोहल्ले में बच्चों के खेलने के लिए किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं है । नगर-निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखकर एक बाल-उद्यान बनवाने की प्रार्थना कीजिए ।

**Question 3**

Read the passage given below carefully and answer in **Hindi** the questions that follow. Use your own words as far as possible :—

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए । उत्तर यथासम्भव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :—

एक दिन घनघोर वर्षा हो रही थी । मेघों की भयानक गर्जना ने उस शाम के वातावरण को और भयानक बना दिया था । एक अधेड़ दम्पत्ति झोंपड़ी में बैठे दुःख-सुख की बातें कर रहे थे । अचानक किसी ने दरवाजा खटखटाया और आवाज दी — "अन्दर कोई है ?'' किसान ने दरवाजा खोलकर देखा तो सामने आत्मविश्वास से भरा बीस-इक्कीस वर्ष का कोई युवक खड़ा था । वर्षा में उसके वस्त्र पूर्ण रूप से भीग चुके थे । वह बहुत थका लग रहा था । उसकी वेशभूषा और लटकती तलवार से लगता था कि वह सिपाही है । किसान ने उससे पूछा — "क्या बात है भाई ।''

युवक बोला — "मैं एक राही हूँ । मार्ग भटक गया हूँ । वर्षा में बुरी तरह भीग गया हूँ । मैं और मेरा घोड़ा बुरी तरह थक गए हैं । आज की रात बिताने के लिए जगह चाहिए ।''

नवयुवक को आसरा मिल गया । किसान की पत्नी ने उसे बदलने के लिए कपड़े दिए । भीगे वस्त्रों को आग के पास टाँग दिया जिससे जल्दी सूख जाएँ । किसान ने घोड़े को आँगन में बाँध दिया और खाने के लिए चारा दे दिया ।

किसान की पत्नी ने युवक से पूछा — "भूख लगी होगी, खाना खा लो ।''

युवक ने कहा — "नहीं, नहीं, मैं खाना नहीं खाऊँगा । मैं सोना चाहता हूँ ।''

किसान बोला — "यह नहीं हो सकता । हम निर्धन अवश्य हैं, लेकिन घर आए अतिथि को भूखा थोड़े ही सोने देंगे । जो कुछ रूखा-सूखा हम खाते हैं, वही तुम भी खा लो ।''

युवक इस प्रेम भरे आग्रह को टाल न सका । किसान की पत्नी ने युवक तथा किसान के आगे केले के पत्तल लगा दिए । पत्ते पर भात परोसा और वह कढ़ी लाने गई । स्त्री ने भात पर कढ़ी परोसी तो वह पत्तल पर बहने लगी । युवक उसे एक ओर से रोकता तो वह दूसरी ओर से बहने लगती । युवक की समझ में नहीं आ रहा था कि वह कढ़ी को रोकने के लिए क्या करे ?

युवक की परेशानी देखकर किसान की पत्नी को हँसी आ गई और वह बोली —"तुम तो शिवाजी की तरह बुद्धू हो ।'' फिर उसने उसे समझाते हुए कहा —"भात में कढ़ी लेने से पहले गड्ढा कर लेना चाहिए । नहीं तो कढ़ी रुक नहीं सकती, तुम्हें इतना भी नहीं मालूम ?''

युवक बोला —"मुझे तो कढ़ी-भात खाना नहीं आता इसलिए मैं तो बुद्धू हूँ, लेकिन यह शिवाजी कौन है ? उसे आप बुद्धू क्यों कहती हैं ?''

किसान की पत्नी बोली — "शिवाजी महाराष्ट्र पर अपना राज्य कायम करना चाहता है, इसलिए सुल्तान से लड़ता है । वह बहादुर तो बहुत है, लेकिन उसकी लड़ाई का तरीका गलत है ।''

"तरीका गलत है, वह कैसे ?'' युवक ने पूछा ।

स्त्री बोली — "शिवाजी गाँव पर कब्जा तो कर लेता है, परन्तु किलों पर अधिकार नहीं करता

है । सुलतान के सैनिक मौका मिलते ही किले से निकलते हैं और मारधाड़ करते हैं । फिर शिवाजी को पीछे हटना पड़ता है । वह यह नहीं समझता कि स्वराज्य कायम करना है तो पहले किलों पर कब्जा करना चाहिए ।''

युवक बोला — ''किलों पर कब्जा करना आसान नहीं है और इसमें समय भी लगता है ।''

स्त्री ने कहा —''यह ठीक है, परन्तु किलों पर कब्जा करना आवश्यक है । किलों पर अधिकार किए बिना स्वराज्य कायम नहीं किया जा सकता । जैसे भात में गड्ढा किए बगैर कढ़ी बह जाती है, उसी प्रकार किलों के बिना प्रदेश भी हाथ से निकल जायेगा । जिसके पास किले होंगे, उसी का महाराष्ट्र पर शासन होगा ।''

युवक को स्त्री की बात समझ में आ गई । वह सुबह उठकर चला गया ।

इस घटना को हुए कई वर्ष बीत गए । किसान दम्पत्ति वृद्ध हो गए । महाराष्ट्र में शिवाजी का शासन कायम हो गया । उनके राज्याभिषेक की तैयारियाँ हो रही थीं । एक दिन बूढ़ा किसान अपनी झोंपड़ी के बाहर बैठा था । उसी समय बहुत से घुड़सवार वहाँ आकर रुके और किसान से कुछ पूछा । उत्तरों से सन्तुष्ट होकर घुड़सवारों के नेता ने कहा — ''शिवाजी ने आपको आमन्त्रित किया है ।''

यह सुनते ही किसान घबरा गया और बोला — ''क्या बात है ? मुझसे कोई अपराध हुआ है, जो शिवाजी ने हमें बुलाया है ।''

सरदार ने कहा — ''महाराज ने हमें तो केवल इतना ही बताया है कि आपके कढ़ी-भात के सबक के कारण ही स्वराज्य कायम हो सका है । अतः महाराज की इच्छा है कि आप उनके राज्याभिषेक में अवश्य पधारें ।''

**(i)** दरवाजा खटखटाने वाला युवक कौन था ? उस समय उसकी दशा कैसी थी ? [4]

**(ii)** शिवाजी अपने उद्देश्य में किस प्रकार सफल हुए ? इस सन्दर्भ में उन्हें किसने और क्या सलाह दी ? [5]

**(iii)** इस सलाह से पहले शिवाजी की कोशिशें क्यों बेकार जा रही थीं ? समझाते हुए लिखिए । [4]

**(iv)** 'भात' और 'किले' में क्या समानता है ? किलों पर कब्जा करना क्यों आवश्यक था ? [4]

**(v)** कथा के आधार पर 'किसान दम्पत्ति' के गुणों का परिचय दीजिए । [4]

**(vi)** 'प्रस्तुत गद्यांश' का उचित शीर्षक लिखकर गद्यांश से मिलने वाली शिक्षा लिखिए । [4]

**Question 4**

**(a)** Write the antonyms of any **four** of the following words :— [4]

नीचे लिखे किन्हीं **चार** शब्दों के विपरीतार्थक शब्द दीजिए :—

| | | |
|---|---|---|
| (i) इष्ट | (ii) आग्रह | (iii) विकास |
| (iv) विख्यात | (v) कीर्ति | (vi) कठिनाई। |

[illegible] Give two synonyms each for any **four** of the following words :— [4]

नीचे लिखे किन्हीं **चार** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द दीजिए :—

| | | |
|---|---|---|
| (i) मन्दिर | (ii) पक्षी | (iii) कृपा |
| (iv) दिन | (v) विश्वास | (vi) अमृत । |

[illegible] Give the meanings of any **two** of the following phrases and use the phrases in sentences of your own :— [4]

निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **दो** के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :—

| | | |
|---|---|---|
| (i) नाकों चने चबवाना | (ii) दौड़-धूप करना | (iii) फूला न समाना |
| (iv) फलना-फूलना । | | |

[illegible] Form Abstract Nouns from any **four** of the following words :— [4]

निम्न शब्दों में से किन्हीं **चार** की भाववाचक संज्ञा बनाइए :—

| | | |
|---|---|---|
| (i) चढ़ना | (ii) लड़का | (iii) बूढ़ा |
| (iv) मीठा | (v) अधिक | (vi) निज । |

[illegible] Rewrite the following sentences as directed :— [4]

निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार पुनः लिखिए :—

(i) बुद्धिमान पुरुष सत्य के मार्ग से नहीं हटता है ।

(Change the gender)

(वाक्य को स्त्रीलिंग में बदलिए)

(ii) को एक बार बुलाया बीरबल ने अकबर ।

(Re-arrange the words to form a correct sentence)

(उचित वाक्य रचना के लिए शब्दों को पुनः क्रम से लगाइए)

(iii) जंगल के राजा शेर ने पशु-समाज की असुरक्षा से चिन्तित होकर पशुओं की एक सभा बुलाई ।

(Change into the Future Tense)

(भविष्यत् काल में बदलिए)

(iv) धर्म का मानव-मन पर प्रभाव पड़ता है ।

(Use 'प्रभावित' in the sentence)

(वाक्य में 'प्रभावित' शब्द का प्रयोग कीजिए)

THEEXAMPAPERS.COM
BY CHIRAG AGARWAL